/१४।।

उत्तर पश्चिम रेलवे

जन सम्पर्क कार्यालय

संख्या : जी/पी आर/मुख्या./फोटो प्रदर्शनी 160 वर्ष/2013 दिनांक : 17.09.2013

श्रीमान् नवीन जैन
निदेशक, कॉलेज शिक्षा
शिक्षा संकुल, जयपुर

323 /PS/CCE/
Dated 18/9/13

विषय : भारतीय रेल के 160 वर्ष – एक फोटो प्रदर्शनी।

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि भारतीय रेल अपने गौरवशाली यात्रा के 160 वर्ष पूरे कर रहा है। रेल प्रशासन भी इस गौरवमयी आयोजन में अपनी पूर्ण भागीदारी निभा रहा है। इस ऐतिहासिक वर्ष को यादगार बनाने के उपलक्ष्य में रेल मंत्रालय द्वारा जयपुर शहर में पहली बार रेलवे के गौरवशाली अतीत एवं संबन्धी फोटो प्रदर्शनी का आयोजन *चतुर्दिक दीर्घा, जवाहर कला केन्द्र में दिनांक 20 सितम्बर 2013 से 26 सितम्बर 2013 तक* किया जा रहा है। प्रदर्शनी अवलोकन हेतु प्रातः 10.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक प्रवेश पूर्णतः निशुल्क है।

इस प्रदर्शनी के माध्यम से विधार्थियों/आगन्तुकों को रेलवे के इतिहास एवं विकास यात्रा के बारे में महत्त्वपूर्ण एवं उपयोगी जानकारी प्राप्त होगी। इस प्रदर्शनी में भारतीय रेलवे के दुर्लभ चित्रों के प्रदर्शन के साथ-साथ उत्तर पश्चिम रेलवे के दुर्लभ चित्र एवं रेल संबन्धी मॉडलों को भी प्रदर्शित किया जायेगा।

आपसे अनुरोध है कि जयपुर में स्थित कॉलेजों/शिक्षण संस्थाओं को प्रदर्शनी के अवलोकन हेतु भेजने के निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें, साथ ही आपका आगमन भी प्रार्थनीय है।

धन्यवाद।

(तरूण जैन)
मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी

निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः प. 9(विविध)एनएसएस/अकाद/निकाशि/2013/493 दिनांकः 18 सितम्बर, 2013

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1 मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर को उनके पत्र दिनांकः 17.09.2013 के संदर्भ में।
2 प्राचार्य, राजकीय/निजी महाविद्यालय, जयपुर में अवस्थित।
3 सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
4 डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि, वेबसाईट प्रभारी, निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राज., जयपुर।

उप निदेशक
संयुक्त निदेशक
निदेशालय कॉलेज शिक्षा
राजस्थान, जयपुर